भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या– 4802

दिनांक 20.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

बिहार के मूल निवासियों की विदेश में मौतें

†4802. श्री अजय कुमार मंडल

क्या **विदेश मंत्री** यह जताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार के कई मूल निवासियों ने विदेश में अपनी जान गंवाई है।
(ख) यदि हाँ, तो ऐसी मृत्यु के कारणों (जैसे प्राकृतिक कारण दुर्घटना, आत्महत्या, अपराध आदि) का राज्य-वार विशेषकर बिहार के संदर्भ में ब्यौरा क्या है और
(ग) ऐसे परिवारों को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा और प्रकृति क्या है, जैसे द्विपक्षीय कांसुलर सहायता, वित्तीय सहायता तथा मृतकों के पार्थिव अवशेषों को स्वदेश लाने पर किए गए व्यय, जो भारत सरकार तथा बिहार सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्त वर्धन सिंह)

(अ) से (ग) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेश में भारतीय नागरिकों की मृत्यु की संख्या अनुबंध में रखी गई है। बिहार सहित राज्यवार जानकारी मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।
विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विदेशों में भारतीय मिशन /केंद्र , जब भी आवश्यक हो, भारतीय नागरिकों को हर संभव कांसुलर सहायता प्रदान करते हैं। भारतीय नागरिक अपनी शिकायतों के निवारण के लिए विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों /केंद्रो से वॉक-इन, ईमेल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, 24 घंटे चलने वाले आपातकालीन दूरभाष संख्या और विदेशों में मिशनों /केंद्रो द्वारा स्थापित टोल फ्री हेल्पलाइन, शिकायत निवारण पोर्टल जैसे मदद, सीपीजीआरएएमएस आदि के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। विदेश में भारतीय श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए दुबई, शारजाह, रियाद, जेद्दा और कुआलालंपुर में प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र (पीबीएसके) स्थापित किए गए हैं। संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों के लिए आश्रय गृह भी कुछ मिशनों /केंद्र ों में स्थापित किए गए हैं। मिशन अधिकारी भारतीय श्रमिकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए आव्रजन कार्यालयों

और श्रम शिविरों का दौरा करते हैं। आवश्यकता होने पर संकटग्रस्त भारतीयों को वित्तीय सहायता भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) के माध्यम से प्रदान की जाती है। आपातकालीन या संकट की स्थिति में, विदेशों में हमारे मिशन /केंद्र सक्रिय रूप से फंसे / संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों को भोजन, आश्रय, दवा प्रदान करने और उन्हें भारत लौटने में मदद करने के संदर्भ में सहायता करते हैं। हर संभव कांसुलर सहायता प्रदान करने के अलावा, भारतीय मिशन /केंद्र जहां भी जरूरत हो कानूनी सहायता प्रदान करने में भी सहायता करते हैं। मिशनों / केंद्रों में वकीलों का एक स्थानीय पैनल होता है जहां भारतीय समुदाय बड़ी संख्या में निवास करते है। पिछले पांच वर्षों के दौरान आईसीडब्ल्यूएफ के तहत प्रदान की गई सहायता के साथ मामलों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:

वर्ष	**लाभार्थियों की संख्या**	**खर्च**
2021	422	₹ 5,70,95,552
2022	507	₹ 8,65,44,255
2023	433	₹ 9,06,38,615
2024	488	₹ 11,96,50,424
2025 (सितंबर तक)	312	₹ 8,48,59,348

अनुबंध

देश नाम	पिछले 3 सालों में विदेश में भारतीय नागरिकों की मौत की वर्ष-वार संख्या		
	2023	2024	2025
अफ़ग़ानिस्तान	1	3	0
अल्बानिया	0	1	2
अलजीरिया	3	3	5
अंगोला	2	12	12
अर्जेंटीना	2	0	2
आर्मीनिया	23	42	34
ऑस्ट्रेलिया	199	200	215
ऑस्ट्रिया	14	16	20
अजरबैजान	5	2	5
बहरीन	304	287	268
बांग्लादेश	40	31	14
बेलोरूस	5	4	4
बेल्जियम	9	12	14
भूटान	14	18	19
ब्राजील	5	7	3
बुल्गारिया	1	2	4
बुर्किना फासो	3	6	2
कंबोडिया	12	10	15

कैमरून	6	5	1
कनाडा	336	387	405
चिली	1	2	3
चीन	44	40	45
कोलंबिया	4	1	1
कोटे डी आइवर	11	11	5
क्रोएशिया	2	4	6
क्यूबा	0	2	1
साइप्रस	9	12	10
चेक रिपब्लिक	4	5	5
डेनमार्क	7	6	12
ज़िबूटी	1	1	4
डोमिनिकन गणराज्य	1	1	1
कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य	38	38	29
मिस्र	14	19	15
इरिट्रिया	0	1	0
एस्तोनिया	0	1	2
इथियोपिया	4	6	6
फिजी	1	3	3
फिनलैंड	4	2	3
फ्रांस	0	1	2
गैबॉन	0	0	3
जॉर्जिया	0	0	7

जर्मनी	65	92	75
घाना	16	25	16
ग्वाटेमाला	2	2	2
गिनी	3	6	10
गुयाना	3	0	6
हंगरी	6	7	10
आइसलैंड	2	0	0
इंडोनेशिया	35	36	38
ईरान	20	13	9
इराक	26	41	34
इज़राइल	0	0	25
इटली	305	374	378
जमैका	6	5	5
जापान	26	27	26
जॉर्डन	19	8	17
कजाखस्तान	4	8	3
केन्या	33	31	43
एस्वातिनी साम्राज्य	0	3	2
कुवैत	708	733	750
किर्गिज़स्तान	2	6	3
लाओ पीडीआर	1	5	9
लातविया	0	1	0
लेबनान	12	18	5
लीबिया	3	2	4

लिथुआनिया	1	0	0
मेडागास्कर	10	8	7
मलावी	7	9	11
मलेशिया	477	526	434
मालदीव	37	23	28
माली	4	2	0
माल्टा	7	10	10
मॉरिटानिया	2	1	0
मॉरीशस	19	29	22
मेक्सिको	7	19	10
मंगोलिया	0	0	1
मोरक्को	2	1	3
मोज़ाम्बिक	7	9	18
म्यांमार	2	1	5
नामीबिया	1	1	1
नेपाल	106	128	97
नीदरलैंड	15	24	23
न्यूज़ीलैंड	54	63	40
नाइजर	0	0	2
नाइजीरिया	50	38	48
नॉर्वे	9	7	7
ओमान	503	474	521
पाकिस्तान	6	3	3
पनामा	3	5	11

पापुआ न्यू गिनी	1	1	2
पराग्वे	1	0	0
पेरू	1	1	2
फिलिपींस	74	80	67
पोलैंड	14	22	17
पुर्तगाल	26	46	37
कतर	352	307	315
कांगो गणराज्य	2	2	1
कोरिया गणतन्त्र	13	9	6
रोमानिया	9	5	5
रूस	30	30	49
रवांडा	2	6	3
साओ टोमे और प्रिंसिपे	0	0	0
सऊदी अरब	2693	2629	2659
सेनेगल	6	4	0
सर्बिया	2	5	6
सेशल्स	9	12	13
सेरा लिओन	4	10	11
सिंगापुर	224	250	211
स्लोवाक गणराज्य	0	1	3
स्लोवेनिया	1	1	1
दक्षिण अफ्रीका	51	46	38
दक्षिण सूडान	0	3	4
स्पेन	0	0	38

श्रीलंका	27	41	29
सूडान	0	2	0
सूरीनाम	4	2	1
स्वीडन	2	6	10
स्विट्ज़रलैंड	17	20	21
सीरिया	0	0	2
ताजिकिस्तान	0	1	0
तंजानिया	1	1	1
थाईलैंड	122	121	146
तिमोर-लेस्ते	0	0	1
ट्रिनिडाड और टोबैगो	0	1	0
ट्यूनीशिया	1	2	1
तुर्किये	2	5	1
तुर्कमेनिस्तान	1	0	0
संयुक्त अरब अमीरात	2133	2571	2754
युगांडा	45	36	24
यूके	247	283	301
यूक्रेन	2	1	1
उरुग्वे	0	1	0
यूएसए	1145	1201	947
उज़्बेकिस्तान	7	13	8
वेनेज़ुएला	1	0	0
वियतनाम	14	12	21
यमन	1	2	1

जाम्बिया	14	17	30
ज़िम्बाब्वे	5	4	3
कुल	11,061	11,841	11,770

*****